सुपेला अस्पताल के पार्किंग का बढ़ा दायरा, दीवारों में उकेरी गई कोविड के प्रति जागरूकता संदेश, सुपेला अस्पताल की बदलती तस्वीर

भिलाईनगर / सुपेला स्थित लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल में आने वाले मरीजों को वाहन पार्किंग के लिए अब पर्याप्त स्थान मिल रहा है। अस्पताल के बाहर दीवार को रंग , रोगन कर कोविड के प्रति जागरूकता संदेश प्रसारित किया जा रहा है और नाली को पूरी तरीके से कवर किए जाने के बाद स्थल साफ-सुथरा नजर आने लगा है। सुपेला अस्पताल में कोरोना जांच के लिए आने वाले मरीजो के लिए छाया प्रदान करने ग्रीन नेट और कूलर की व्यवस्था पहले ही की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अस्पताल का लगातार निरीक्षण करते हुए बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे! इसी तारतम्य में सुपेला अस्पताल के व्यवस्थाओं में परिवर्तन देखने को मिला है! वही विधायक श्री देवेंद्र यादव अस्पताल परिसर का कई दफा निरीक्षण कर चुके हैं , व्यवस्था बनाने के लिए लगातार अधिकारियों के संपर्क में रहे हैं! जिसका उचित परिणाम अब देखने को मिल रहा है! कोरोना संक्रमण का दौर होने के कारण अस्पताल में जांच व इलाज के लिए बड़ी संख्या में आने वाले मरीजों एवं व्यक्तियों की सहुलियत के लिए निगम प्रशासन ने सुविधाओं में इजाफा किया है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी द्वारा शास्त्री अस्पताल सुपेला का निरंतर मॉनिटरिंग कर अस्पताल प्रबंधन व निगम के अधिकारी से सामंजस्य बनाकर व्यवस्था को दुरूस्त करने निर्देश देकर व्यवस्थाओं में सुधार लाया जा रहा है। नेहरू नगर के जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि ने बताया कि कोरोना जांच एवं इलाज के लिए सुपेला अस्पताल में आने वाले व्यक्तियों की संख्या को देखते हुए वाहन का पार्किंग स्थल बाहर किया गया है! परंतु मुख्य गेट के बाहर वाहन खड़ा करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं थी , दीवार से लगा हुआ नाली खुली होने एवं सड़क की ओर ढलान होने के कारण वाहन रखने में दिक्कत हो रही थी! लोग सड़क से सटकर ही वाहन खड़ा करना शुरू कर दिए थे! जिससे आवागमन में असुविधा हो रही थी! इन सबको देखते हुए नाली को ढक दिया गया है , साथ ही नाली को ऊपर किया गया है, ढलान को फिलिंग करके समतल किया गया है! अब आसानी से वाहन रखे जा रहे हैं और पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थल मिल रहा है! बाहर लगे हुए डिस्प्ले बोर्ड में अस्पताल का नाम दोबारा लिखवाया गया है , पहले यह धुंधला हो चुका था! बाहर के दीवार का रंग रोगन कराया गया है , इसके साथ ही दीवार पर कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए जागरूकता हेतु सेनेटाइजर का उपयोग करने, मास्क पहनने और एक दूसरे से दूरी बनाए रखते हुए सुरक्षित रहने का संदेश चित्रों के साथ वाल पेंटिंग कराया गया है। इसके पूर्व अग्निशमन यंत्र व डीजी जनरेटर को भी ठीक कराया गया है ताकि लाईट बंद होने पर भर्ती मरीजों के इलाज में कोई बाधा न आए। रात्रि के समय में पर्याप्त रोशनी के हाईमास्क लाइट लगाए गए है।